सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-145
24/03/2018

मुख्यमंत्री से मिले भारत में अमेरिका के राजदूत श्री केनिथ जस्टर

पटना, 24 मार्च 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से, आज 1, अण्णे मार्ग स्थित कार्यालय कक्ष में, भारत में अमेरिका के राजदूत श्री केनिथ जस्टर (Kenneth Juster) ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से भारत में अमेरिका के राजदूत श्री केनिथ जस्टर की यह शिष्टाचार मुलाकात थी। श्री केनिथ जस्टर के साथ कांसुलेट जेनरल श्री क्रैग हॉल (Craig Hall), काउंसल फॉर पॉलिटिकल एण्ड इकॉनोमिक अफेयर्स श्री प्रसेनजीत गुप्ता (Prasenjit Gupta) एवं एडवाइजर ग्लोबल अफेयर श्री सौरभ सेन (Sourabh Sen) भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने अमेरिकी राजदूत को बिहार में हो रहे विकास कार्यों, सात निश्चय योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया। अमेरिकी राजदूत ने बिहार में चल रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। अमेरिकी राजदूत ने मढ़ौरा डीजल लोकोमोटिव कारखाना के संदर्भ में भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने भारत में अमेरिका के राजदूत को चम्पारण सत्याग्रह अंगवस्त्र एवं अशोक स्तम्भ प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अमेरिकी राजदूत ने भी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को उपहार भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******